महाकाल तेरे दरबार में

महाकाल तेरे दरबार मे,
सर को झुकाने आ गए,
महाकाल तेरे चरणों में,
शिश नवाने आ गए....

जिसने ध्यान किया शम्भु का,
उसके खुल गए भाग,
मुँह मांगा वर पाया उसने,
बन गए सारे काम,
महाकाल तेरे दरबार में,
एक फूल चढ़ाने आ गए.....

द्वार खड्ा हूँ तेरे बाबा,
सुन लो मेरी पुकार,
आशाऐ तुझसे है बाबा,
विनय करो स्वीकार,
महाकाल तेरे दरबार में,
हम तुझको मनाने आ गए.....

इस दुनिया ने तड़पाया है,
हमको सुबहो शाम,
सांस सांस में जपते रहते,
शम्भू तेरा नाम,
महाकाल तेरे दरबार में,
हम दर्द बांटने आ गए,
महाकाल तेरे दरबार मे,
सर को झुकाने आ गए.....

डमडम डमडम बजेगा डमरू,
नाचेंगे हम आज,
हम भी रमा भभूत देह में,
बोले जय महाकाल,
बोले जय महाकाल,
बोले जय महाकाल जय श्री महाकाल,
महाकाल तेरे दरबार में,
हम पागल दीवाने आ गए,
महाकाल तेरे चरणों में,
शिश नवाने आ गए.....

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/27542/title/mahakal-tere-darbar-me

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |